आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.06.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल का दौरा किया, सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों ने प्रदेश के 424 गांवों में जाकर 6 हजार 845 किसानों से सीधा संवाद किया।
- केदारनाथ यात्रा में संचालित संक्रमित घोड़े–खच्चरों की स्थिति सामान्य, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा– घोड़े–खच्चरों की सेहत पर रखी जा रही है विशेष निगरानी।
- नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रपयाग, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में आज कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि हृदय विदारक तरीके से अचानक इतने लोगों की मौत बहुत ही दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।
बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के परिजनों से भी मिले। हमारे संवाददाता ने खबर दी है दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं।

चालक दल सहित 242 लोगों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान कल अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान बी.जे मेडिकल कॉलेज के पास एक आवासीय परिसर में जा गिरा था।

**श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की वं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। राज्य सरकार की संवेदनाएं इस दुःख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

29 मई से 12 जून तक चले विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, अल्मोड़ा के विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की 60 टीमों ने प्रदेश के 424 गांवों में जाकर 6 हजार 845 किसानों से सीधा संवाद किया।

इस दौरान टीमों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी और उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना। संस्थान के निदेशक डॉ लक्ष्मी कांत ने अल्मोड़ा में पत्रकार वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेती से जुड़े शोध और किसानों के सुझाव, भविष्य में कृषि विकास की नीति और तकनीकी विकास के लिए उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को नई कृषि तकनीकी जानकारी देना और कृषि के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है।

**अपर सचिव जायजा**

आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण विधानसभा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूतों के अलावा आम जनमानस द्वारा भी भाग लिया जाएगा। योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे ने विधानसभा भराड़ीसैण में चमोली जिले के सभी अधिकारियों की बैठक ली और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 19 जून तक सभी व्यवस्थाएं पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता और प्रचार–प्रसार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

**घोड़े–खच्चर**

पशुपालन मंत्री और रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा है कि केदारनाथ धाम की यात्रा मार्ग पर संचालित हो रहे घोड़े–खच्चर पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि जो वायरस घोड़े–खच्चरों में फैला था, वह पूरी तरह से काबू में है। रुद्रप्रयाग में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बहुगुणा ने कहा कि घोड़े–खच्चरों की केदारनाथ यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यात्रा के शुरूआत में दो दिन में 19 घोड़े–खच्चरों की मौत हो गई थी, जिसका एक मुख्य कारण वायरस भी था। अब तक की यात्रा में 44 घोड़े–खच्चरों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रबंधन के कारण इस बार की यात्रा में घोड़े–खच्चरों की मौत का आंकड़ा भी बेहद कम हुआ है, जो कि यात्रा और घोड़े–खच्चरों के लिये एक सुखद स्थिति है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संचालित हो रहे हर घोड़े–खच्चर पर निगरानी रखी जा रही है। स्वस्थ घोड़े–खच्चर का ही यात्रा में संचालन किया जा रहा है। फिटनेस प्राप्त घोड़े–खच्चर को ही संचालन की अनुमति दी जा रही है। घोड़े–खच्चरों के स्वास्थ्य जांच के लिए जगह–जगह डॉक्टर की टीमें भी तैनात की गई हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रपयाग, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों सहित राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है। इस बीच, बागेश्वर जिले में कपकोट तहसील क्षेत्र की पिंडर घाटी में बारिश हो रही है। वहीं जिले के गरुड़ और कौसानी समेत अन्य क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी देहरादून और अल्मोड़ा में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

**आपदा तैयारी ऊधमसिंह नगर**

ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जल भराव और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रहने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मानसूनकाल की पूर्व तैयारियों को लेकर रुद्रपुर में आयोजित बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आपदा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में आपदा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी तैयारी और समस्याओं को रखा।

**चयन समिति पौड़ी**

पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना व दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे योजना की जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार के लिए आ रहे आवेदनों की जांच कर उन्हें योजना से लाभान्वित करें, जिससे वह समय पर योजना का लाभ उठा सकें।